पीपीपी मॉडल के छह मेडिकल कॉलेजों के लिए हर माह निविदा

रामपुर, चित्रकूट, भदोही, संत कबीरनगर, बलिया और श्रावस्ती में खुलने हैं कॉलेज

लखनऊ। प्रदेश के छह जिलों में प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल में खुलने वाले मेडिकल कॉलेजों के लिए अब हर माह निविदा प्रक्रिया अपनाई जा रही है। यह कवायद इस वर्ष प्रदेश के सभी जिलों में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज खोलने का लक्ष्य पूरा करने के लिए हो रही है।

राज्य सरकार एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की योजना चल रही है। इसके तहत 16 जिलों में पीपीपी मॉडल के तहत मेडिकल कॉलेज खोलने की कवायद चल रही है। इसमें मौजूदा दाखिला सत्र में संभल में एमबीबीएस की 50 सीटें, महराजगंज में 150, शामली में 150 सीट के साथ कॉलेज शुरू हो गए हैं। मऊ, हाथरस, कासंगज, बागपत में निर्माण कार्य चल रहा है। मैनपुरी में मेडिकल कॉलेज बनाने वाले निवेशक का चयन कर लिया गया है। महोबा, हमीरपुर के लिए टेंडर प्रक्रिया अंतिम दौर में है।

शेष छह जिलों रामपुर, चित्रकूट, संत कबीरनगर, भदोही, बलिया और श्रावस्ती में निविदा प्रक्रिया चल रही है। इन जिलों में निवेशक के चयन के लिए हर माह निविदा प्रक्रिया अपनाई जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की रणनीति है कि वर्ष 2025 में जुलाई-अगस्त तक हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाए ताकि अगले सत्र में एमबीबीएस का दाखिला शुरू कराया जा सके। ब्यूरो